**न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली**
**पीठासीन अधिकारी:: श्री एल.एन. मंत्री, आई.ए.एस**

विविध :: 7 / 2024
जीसीएमएस नम्बर :: 2024 / 54

| प्रार्थी :– | बनाम | अप्रार्थीगण :– |
|---|---|---|
| उम्मीद हाउसिंग फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता सिद्धार्थ तिवारी | | 1. राजेश मीठालाल पंवार पुत्र मीठालाल भूरालाल पंवार, निवासी रामनगर नाथों का बास, मारवाड़ जंक्शन पाली, अन्य पता 1693 नाथों का बेरा, मारवाड़ जंक्शन<br>2. दीपा राजेश पंवार पत्नी राजेश पंवार, निवासी रामनगर नाथो का बास, मारवाड़ जंक्शन पाली अन्य पता :– बी–55 / 1748 कृष्णाधाम सोसाइटी भाग 2 आनन्द नगर रोड़, सेटेलाइट अहमदाबाद सिटी वेजालपुर, अहमदाबाद गुजरात |

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002

दिनांक :– 16.04.2024

1. यत प्राधिकृत अधिकारी, **उम्मीद हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड ने** वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम –2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना–पत्र जरिये **अधिवक्ता श्री मारूति शर्मा ने श्री राजेश मीठालाल पंवार व अन्य** के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

जिला मजिस्ट्रेट पाली (राजस्थान)

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता / प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी / ऋणी को बैक / कंपनी द्वारा दिनांक **31.12.2019** को **08,50,000 / – (अक्षरे आठ लाख पचास हजार रूपये)** का ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद / सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है –

जिला मजिस्ट्रेट, पाली

> प्लॉट संख्या 09 खसरा संख्या 770 / 3 ग्राम खारची ग्राम पंचायत खारची तहसील मारवाड़ जंक्शन जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट जिसकी चतुर्सीमाएं पूर्व में प्लॉट संख्या 4 पश्चिम में रोड़ 20 फीट, उत्तर में प्लॉट संख्या 10, दक्षिण में प्लॉट संख्या 8 है।

3. चूंकि ऋणी फलस्वरूप अप्रार्थी **श्री राजेश मीठालाल पंवार व अन्य** के द्वारा बैंक / कम्पनी से प्राप्त किये गये ऋण के पेटे प्रार्थी के पक्ष में ऋणी एवं जमानतियों द्वारा गारंटी, करार एवं दस्तावेजो पर अपने हस्ताक्षर कर इसे निष्पादित कर दिये गये थे, परन्तु उक्त ऋणी द्वारा बैंक से प्राप्त की गयी ऋण राशि का भुगतान नहीं किये जाने से ऋणी के ऋण खाते को दिनांक **04.12.2023** को एन.पी.ए. (Non Performing Asset) घोषित किया गया।

